बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Marketing and Publicity
Head Office
media@mahabank.co.in; cmmedia@mahabank.co.in

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा 'सतर्कता जागरुकता सप्ताह' का आयोजन

पुणे, 04 नवंबर, 2019 : बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा अपने प्रधान कार्यालय, पुणे में 2 नवंबर, 2019 को एक सप्ताह तक आयोजित "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम हेतु श्री अशोक मोराले, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, पुणे शहर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री ए. सी. राउत, कार्यपालक निदेशक तथा श्री एल. एन. रथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी(सीवीओ) इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए. एस. राजीव ने बैंक में सतर्कता संस्कृति को अपनाने पर जोर दिया। श्री ए. एस. राजीव ने यह मत व्यक्त किया कि प्रत्येक कर्मचारी को सतर्क रहना चाहिए तथा ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों के प्रति प्रतिबद्ध होते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई हेतु सहयोग देना चाहिए। श्री राजीव ने नियमों और विनियमों के अनुपालन तथा प्रणालियों और प्रक्रियाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

श्री एल. एन. रथ, सीवीओ ने अपने अभिभाषण में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समारोह के उद्देश्य के संबंध में जानकारी दी। श्री रथ ने बैंक की शाखाओं और कार्यालयों द्वारा थीम - "ईमानदारी- एक जीवन शैली" पर संदेश प्रसारित करने हेतु की जा रही विभिन्न आउटरीच गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इन गतिविधियों की एक वीडियो क्लिप भी उपस्थितों को दिखाई गई।

श्री अशोक मोराले, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने इस अवसर पर विशिष्ट अभिभाषण दिया। उन्होंने प्रत्येक के जीवन में ईमानदारी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

बैंक ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के साथ अपनी गृह सतर्कता पत्रिका- महाविजिल का पहला अंक भी जारी किया। इसी के साथ बैंक का अद्यतित सतर्कता मैनुअल भी गणमान्यों के करकमलों से जारी किया गया। इस समारोह का आरंभ दिनांक 28 अक्तूबर, 2019 को हुआ जिसमें विभिन्न गतिविधियां यथा क्वीज और स्लोगन लेखन प्रतिस्पर्धा, वर्कशॉप, जागरूकता कार्यक्रम, कर्मचारियों के लिए प्रतिस्पर्धा, रैली, होर्डिंग और बैनरों का प्रदर्शन, ग्रामसभा में जागरुकता कार्यक्रम, विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में ईमानदारी एक जीवनशैली की प्रचार गतिविधियां, देश के हमारे सभी 32 अंचल कार्यालयों की सहभागिता के माध्यम से स्टाफ और जनसामान्य द्वारा ई-प्रतिज्ञा आयोजित की गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह के दौरान हमारी सभी शाखाओं ने आउटरिच गतिविधियों के भाग के रूप में 1 नवंबर, 2019 को ग्राहक बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधान कार्यालय में क्वीज और स्लोगन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

सप्ताह के दौरान सतर्कता जागरूकता के संबंध में बैंक के ग्राहकों को ऑनलाईन सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने हेतु एसएमएस संदेश भी भेजे गए। ऑनलाईन सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र की वेबसाइट पर लिंक भी प्रदान की गई।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह के समापन समारोह में प्रधान कार्यालय में बैंक के सभी कार्यपालक व कर्मचारी उपस्थित थे तथा 32 अंचल कार्यालय वीडियो कॉन्फरेन्स के माध्यम से जुड़े थे। सुश्री मृदुल जोगलेकर, उप महाप्रबंधक, सतर्कता के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

Marketing and Publicity
Head Office
media@mahabank.co.in; cmmedia@mahabank.co.in